# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 11.09.2023**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 चोर व चोरी का माल खरीदने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से चोरी हुई नगदी, एप्पल मोबाईल फोन, सफेद व पीली धातु के जेवरात व अन्य कागजात बरामदः-**

आज दिनांक 11.08.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 चोर व चोरी का माल खरीदने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है जिनके कब्जे से चोरी हुई नगदी, एप्पल मोबाईल फोन, सफेद व पीली धातु के जेवरात व अन्य कागजात बरामद हुये है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 08.09.2023 को वादी श्री मौ0 दिलशाद पुत्र श्री जहूर अहमद निवासी मौहल्ला पीरजादगान थाना कैराना जनपद शामली द्वारा अपने घर से अज्ञात चोर द्वारा 05 मोबाईल, सोने व चाँदी के जेवरात, नगदी व अन्य कागजात चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण कासिम उर्फ कारी व फारुख उर्फ फुल्की नें पूछताछ पर बताया कि हम नशा करने के आदि है दिनांक 07/08.09.23 की रात्रि में नवाब तालाब के निकट बने मकान में घुसकर हमने सोने व चाँदी के जेवरात, 05 मोबाईल व नगदी 9200/- रूपये नगद चोरी किये थे , 04 मोबाइल आने जाने वाले अनजान राहगीरों को 500 – 500 रूपये में बेच दिए थे एप्पल आई फोन महंगा होने के कारण किसी राहगीर ने नही खरीदा तो वह मोबाइल हमने घोषा चुंगी पर मोबाइल की दुकान पर सुहैल को 2000 रूपये में बेच दिया था। तत्पश्चात सुहैल पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला अफगानान पोस्तखाना थाना कैराना शामली से खरीदे गये मोबाइल के बारे में पूछा गया तो बताया कि मैंने लालच में आकर मोबाइल खरीद लिया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.कासिम उर्फ कारी पुत्र इकरामुदीन निवासी मौहल्ला पीरजादगान थाना कैराना जनपद शामली।

2.फारुख उर्फ फुल्की पुत्र शकील निवासी मौहल्ला पीरजादगान थाना कैराना जनपद शामली।

3.सुहैल पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला अफगानान पोस्तखाना थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगीः-**

1.एक अदद चोरी का मोबाइल एप्पल आई फोन।

2.चोरी की गयी नगदी 7200/- रुपये।

3. एक जोडी जंगेरिया सफेद धातु, एक जोडी पाजेब सफेद धातु , एक जोडी सेम्पिल बच्चो की सफेद धातु , एक हार सफेद धातु, एक गले का मंगलसूत्र सफेद धातु , एक हथफूल की जोडी सफेद धातु , तीन अंगूठी लेडीज सफेद धातु, दो मर्दाना अंगूठी सफेद धातु।

4. एक लाकेट पीली धातु , एक जोडी कुंडल पीली धातु , एक मोती की माला पीली धातु , एक नाक की नथ पीली धातु , एक अंगूठी मर्दाना पीली धातु, एक क्लिप पीली धातु।

5.एक मर्दाना पर्स रंग ब्राउन जिसमे एक  ड्राइविंग लाईसेंस मौ0 दिलशाद पुत्र हाजी जहूर अहमद  , एक पेन कार्ड , ICICI BANK ATM CARD, CANARA BANK ATM CARD, DELHI METRO CARD, एक चैक बुक ICICI बैंक।

6. एक पॉवर बैंक रंग काला MI कंपनी, एक चार्जर सफेद रंग मय डाटा केबल ।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त कासिम उर्फ कोरी उपरोक्तः-</u>**

1.मु0अ0स0 473/2023 धारा 380/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 47/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272/273 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 195/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272/273 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त फारुख उर्फ फुल्की उपरोक्तः-</u>**

1.मु0अ0स0 473/2023 धारा 380/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 431/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272/273 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 195/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272/273 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुहैल उपरोक्तः-</u>**

1.मु0अ0स0 473/2023 धारा 411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार , कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की 01 मोटरसाईकिल बरामदः-</u>**

आज दिनांक 11.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की 01 मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त गण द्वारा मोटरसाईकिल को नेहरु मार्केट शामली से चोरी किया गया है।

**<u>नाम व पता अभियुक्तः-</u>**

1.सूरज पुत्र भंवर लाल निवासी ग्राम मस्तगढ थाना झिंझाना जिला शामली ।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-</u>**

1.मु0अ0स0 367/2023 धारा 414,465 भादवि थाना झिंझाना जनपद शामली ।

2.मु0अ0सं0 26/2021 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली ।

3.मु0अ0सं0 253/2021 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

मो0सा0 एचएफ डीलक्स रंग काला लाल रजि0 नं0 UP19D6335 चैसिस नम्बर MBLHAR207GGM01418 इंजन नम्बर HA11ENGGM02212 (फर्जी नंबर प्लेट नं0 UP19D6885) ।



**<u>जनपद पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 06 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त किये गिरफ्तारः-</u>**

दिनांक 10/11.09.2023 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 06 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.- नरेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र रिषिपाल निवासी ग्राम पेलखा थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

2.- विनित पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम बहावडी थाना कोतवाली जनपद शामली।

3.- शराफत पुत्र अख्तर निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जनपद शामली ।

4.- धारा पुत्र मुकरी बावरिया निवासी निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.- लियाकत पुत्र बशीर निवासी ग्राम वैदखेड़ी थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.- नूरहसन पुत्र यासीन निवासी ग्राम कीमागढ़ थाना झिंझाना जनपद शामली।











**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**